समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अहमदाबाद मे कैसा रहेगा आज का मौसम, जानिए पिच रिपोर्ट और यहां बने IPL रिकार्ड्स के बारे मे ।

Publisher
Published on 02 May 2025



अहमदाबाद में आज का मौसम कैसा रहेगा ? नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आज गुजरात टाइटंस बनाम सनराइजर्स हैदराबाद मैच से पहले जानिए पिच रिपोर्ट.

इंडियन प्रीमियर लीग में आज 51वां मैच गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा. ये प्लेऑफ के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मैच है, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. बतौर कप्तान शुभमन गिल और पैट कमिंस आमने सामने होंगे.

गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस की बात करें तो टीम शानदार नजर आ रही है, हालांकि वह अपने पिछले मैच में हारी थी लेकिन टीम अभी भी टॉप 4 में बनी हुई है. 9 में से 6 मैच जीतकर गुजरात चौथे नंबर पर है. अगर आज टीम जीती तो वह आरसीबी को पीछे छोड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ जाएगी.

सनराइजर्स हैदराबाद को प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बचाए रखने के लिए हर हाल में जीतना है. वह अभी तालिका में नौवें नंबर पर है, हैदराबाद ने 9 में से सिर्फ 3 ही मैच जीते हैं.

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम का आईपीएल रिकॉर्ड
कुल मैच: 39
पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते: 18 मैच
पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते: 21 मैच
सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर: 243/5 (PBKS ने GT के खिलाफ 2025 में बनाया)
सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर: 129 (शुभमन गिल ने MI के खिलाफ बनाया)

सबसे अच्छा स्पेल: 5/10 (मोहित महिपाल शर्मा ने MI के खिलाफ)

अहमदाबाद में आज कैसा रहेगा मौसम ?

अहमदाबाद में शुक्रवार, 2 मई 2025 को धूप खिली रहेगी. गर्मी ज्यादा रहेगी. दोपहर में तापमान 41 डिग्री तक जबकि मैच के समय ये 39 डिग्री रहेगा. दूसरी पारी शुरू होने तक तापमान 4 से 5 डिग्री कम हो जाएगा. आज अहमदाबाद में बारिश होने की कोई संभावना नहीं है, जो मैच के लिहाज से अच्छी खबर है. हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से चलेंगी. मैच की बात करें तो टॉस 7 बजे होगा और 7:30 बजे से खेल शुरू होगा.

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

यहां बल्लेबाजों को मदद मिलेगी लेकिन ग्राउंड बड़ा होता है इसलिए यहां अधिक हवाई शॉट खेलना गेंदबाजी टीम को फायदा पहुंचाएगा. यहां पर ग्राउंडेड शॉट खेलने पर जोर देना होगा. हालांकि यहां आउटफील्ड तेज होगी, जो बल्लेबाजों को मदद करेगी और इसका फायदा पॉवरप्ले में उठाया जाना चाहिए.

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में कई तरह की पिच है, अगर लाल मिट्टी की पिच पर मैच हुआ तो हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है, लेकिन अगर काली मिट्टी पर मुकाबला खेला गया तो स्कोर 180 के आस-पास ही रह सकता है. गेंदबाजों में स्पिनर्स को यहां मदद मिलेगी. इसलिए स्पिनर्स को जल्दी गेंदबाजी पर बुलाया जा सकता है.

इस ग्राउंड पर IPL 2025 में कुल 4 मैच खेले गए हैं, इसमें 5 पारियों में 200 से अधिक रन बने हैं. शुरूआती 3 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं. एक मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीता है.

GT बनाम SRH हेड टू हेड

हेड टू हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अभी तक 5 मैच हुए हैं, इसमें से 3 मैच गुजरात ने जीते हैं जबकि सिर्फ 1 मैच हैदराबाद ने जीता है. दोनों के बीच एक मैच बेनतीजा रहा है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoover.